## खबर संक्षेप

### मैहर में इतवारी ट्रेन में कंबल चोरी करते पकड़ा गया युवक, लगा जुर्माना

**सतना।** रीवा-नागपुर इतवारी एक्सप्रेस में चोरी की एक अजीब घटना सामने आई है। उत्तर प्रदेश का एक यात्री ट्रेन का कंबल लेकर उतरने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर उसने दावा किया कि कंबल यहाँ का है ही नहीं। आरपीएफ ने कोच अटेंडर की सूचना पर मैहर के पास युवक को रंगे हाथों पकड़ा और उस पर 3500 का चालान ठोक दिया।

### अमरपाटन में पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सतना।** अमरपाटन पुलिस ने अवैध पशु तस्करी कर रहे एक वाहन को घेराबंदी कर पकड़ा है। हिंदू संगठनों की शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने वाहन और उसमें लदी भैंसों को जब्त कर लिया है। फिलहाल मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### मारपीट के आरोपी को बाबूपुर पुलिस ने भेजा जेल

**सतना।** नशे की हालत में लोगों के साथ मारपीट करने वाले आरोपी अतुल तिवारी 32 वर्ष, निवासी ग्राम निमी को बाबूपुर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

### नगर निगम में आर-पार की जंग: धरने पर बैठेंगे पार्षद

**सतना।** नगर निगम में मुद्दों का निराकरण न होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एमआईसीसी छोड़ने के बाद भी समस्याओं का हल न निकलने पर वार्ड 3 के पार्षद और पूर्व सदस्य अभिषेक तिवारी ' अंशू' ने अब आंदोलन का रास्ता चुना है। वे कल से निगम कार्यालय के सामने धरने पर बैठेंगे।

### उचेहरा में सुबह बनी सड़क शाम को उखड़ी, घटिया निर्माण शैली उजागर

**सतना।** उचेहरा-बरहा तिराहा रोड पर भ्रष्टाचार का नमूना देखने को मिला है। कंस्ट्रक्शन रीवा द्वारा सुबह डामरीकरण किया गया,जो शाम होते-होते उखड़ने लगा। MPRDC की देखरेख में हो रहे इस घटिया निर्माण से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। अधिकारियों ने जाँच के बाद ठेकेदार को सड़क सुधारने के निर्देश दिए हैं।

### एमजी रोड पर अतिक्रमण से जनता बेहाल, रोज लग रहा जाम

**सतना।** शहर के व्यस्ततम एमजी रोड (विशाल मेगा मार्ट से मुख्तयारगंज मार्ग) पर अतिक्रमण की समस्या गंभीर हो गई है। सड़कों पर कब्जे के कारण यहाँ आए दिन लंबा जाम लग रहा है,जिससे आम जनता को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### देहदान-नेत्रदान महाअभियान को मिलेगी नई गति



**सतना।** लायंस इंटरनेशनल डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक के नेतृत्व में पूर्व रीजन चेयरमैन लायन आलोक त्रिपाठी एवं पूर्व अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया,लायंस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना के डीन डॉ.शशिधर प्रसाद गर्ग से भेंट की। जिसमें लायंस क्लब द्वारा किये जा रहे देहदान और नेत्रदान कार्यक्रम की जानकारी दी। लायंस क्लब द्वारा 14 देहदान संकल्प व 1 देहदान संपन्न किया जा चुका है। साथ ही स्वास्थ्य शिविर एवं देहदान व नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आगामी समय में आयोजित करने पर चर्चा की गई।

# नववर्ष के पहले दिन आस्था का सैलाब: चित्रकूट मैहर और रामवन के देवालयों में उमड़ा जनसैलाब






**सतना।**

नए साल के स्वागत के लिए आज सतना जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला। चित्रकूट के कामतानाथ से लेकर मैहर की मां शारदा की देहरी तक,हर तरफ भक्तों की अटूट आस्था और उत्साह नजर आया। प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन को उमड़े 3 लाख से अधिक श्रद्धालु

आध्यात्मिक नगरी चित्रकूट में नए साल के पहले दिन अमावस्या जैसा नजारा दिखा। भगवान कामता नाथ के दर्शन और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर में तैनात अधिकारियों के मुताबिक के अनुसार,दोपहर 3 बजे तक ही लगभग 3 लाख से अधिक लोग दर्शन कर चुके थे। यह संख्या शाम की खबर लिखे जाने तक और बढ़ गई थी। परिक्रमा पथ पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस ने 'जिग-जैग' पद्धति से कतारें लगवाकर व्यवस्था संभाली। मंदाकिनी नदी के घाटों और विभिन्न मठ-मंदिरों में भी देर शाम तक भक्तों की भारी मौजूदगी रही।

### मैहर में मां शारदा के दरबार में 'हाजिरी' लगाने पहुंचे भक्त

मैहर जिले के त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम के सूत्रों के मुताबिक 1लाख से ज्यादा श्रद्धालु खबर लेकर जाने तक मत्था टेक चुके थे। मंदिर के पट बंद होने तक यह संख्या सवा लाख के पार पहुंचने का अनुमान लगाया गया। कतारों में महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चों में भी भारी उत्साह देखा गया।

### बिरसिंहपुर में गैबीनाथ धाम में हुआ जलाभिषेक

बिरसिंहपुर स्थित गैबीनाथ धाम में भगवान शिव के दर्शन के लिए सुबह से ही तांता लगा रहा। चाक-चौबंद प्रशासनिक व्यवस्था के बीच शाम तक लगभग 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### धारकुंडी और रामवन में भी रही भारी रौनक

धारकुंडी आश्रम में यहाँ के परमहंस आश्रम में हजारों की संख्या में भक्त जुटे। विशेष बात यह रही कि आज स्वामी सच्चिदानंद महाराज का जन्मदिवस होने के कारण उनके शिष्य बड़ी संख्या में गुरु का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### राम वन में भी उमड़ी नागरिकों की भीड़

सतना शहर के समीप स्थित रामवन हनुमान मंदिर में भी नए साल के पहले दिन भारी भीड़ रही। शहर से नजदीक होने के कारण स्थानीय निवासियों और आस-पास के ग्रामीणों ने यहाँ पहुंचकर सुख-समृद्धि की कामना की।



### प्रशासनिक सतर्कता

सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पुलिस और प्रशासन मुस्तैद रहा,ताकि श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन हो सकें और कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

# रामपुर बाघेलान में अतिक्रमण को लेकर भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, नेशनल हाईवे-30 पर लगाया जाम, एंबुलेंस भी फंसी




**सतना।**

रामपुर बाघेलान में नेशनल हाईवे-30 पर ओढ़की टोल प्लाजा के समीप उमरी शिवराजी गांव में गुरुवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई,जब अतिक्रमण से नाराज ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बावजूद अवैध कब्जे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है,जिससे परेशान होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

### दोबारा अतिक्रमण से उपजा आक्रोश

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमरी शिवराजी और मौहारी-अहिरगांव के बीच जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर अतिक्रमण किया गया है, वहां पूर्व में भी राजस्व विभाग द्वारा हटाने की कार्रवाई की जा चुकी थी। इसके बावजूद,दबंगों द्वारा दोबारा निजी आराजी (भूमि) पर जबरन कब्जा किया जा रहा था। स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता से नाराज होकर ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-30 को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया।

### जाम में फंसी एंबुलेंस,घंटों ठप रहा यातायात

हाइवे जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस प्रदर्शन के दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई,जिसे निकालने के लिए ग्रामीणों और राहगीरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि मरीज की गंभीरता को देखते हुए किसी तरह एंबुलेंस को भीड़ के बीच से रास्ता बनाकर निकाला गया।

### मुख्य बिंदु

ओढ़की टोल प्लाजा के पास,शिवराजी/उमरी गांव। निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और प्रशासन द्वारा पूर्व की कार्रवाई के बाद दोबारा कब्जा होना। नेशनल हाईवे-30 पर आवागमन पूरी तरह बाधित, यात्री परेशान। ग्रामीणों का दावा है कि राजस्व विभाग को सूचित करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। समाचार लिखे जाने तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई थी और ग्रामीण मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने और स्थायी समाधान की मांग पर अड़े हुए थे।




## टावर वैगन चालकों के अपर्याप्त प्रशिक्षण पर यूनियन ने जताई चिंता, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**सतना।**

वेस्ट सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन ने पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल रेलप्रबंधक को पत्र लिखकर कर्षण वितरण विभाग में टावर वैगन चालकों की नियुक्ति और उनके अपर्याप्त प्रशिक्षण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यूनियन का कहना है कि मात्र 15 दिनों के अल्पकालीन प्रशिक्षण के आधार पर कर्मचारियों को टावर वैगन संचालन की जिम्मेदारी देना रेल सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यूनियन ने अवगत कराया कि टावर वैगन का संचालन पहले अनुभवी लोको पायलटों द्वारा किया जाता था। यह कार्य तकनीकी रूप से जटिल और जोखिम भरा है,जिसमें ओएचई और ट्रैक सुरक्षा के कई पहलू शामिल होते हैं। यूनियन के अनुसार,बिना पूर्ण प्रशिक्षण के इन चालकों से स्वतंत्र संचालन कराना किसी गंभीर दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा है।

### यूनियन की प्रमुख मांगें

जब तक चालक पूर्ण रूप से दक्ष न हो जाएं,उनके साथ एक अनुभवी लोको पायलट की तैनाती अनिवार्य की जाए। टावर वैगन चालकों को लोको पायलट के समकक्ष विस्तृत और मानक व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। स्पष्ट किया कि यह मांग रेल सुरक्षा और कर्मचारियों के जीवन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है,ताकि भविष्य में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।




### मठ-मंदिरों के अस्तित्व को लेकर साधु-संतों ने भरी हुंकार

# गौरिहार मंदिर के तोड़फोड़ की आशंका को लेकर संत समाज ने दिया धरना

**सतना।**

**चित्रकूट धाम तीर्थक्षेत्र की प्राचीन धरोहर गौरिहार मंदिर की संभावित तोड़फोड़ को लेकर संत समाज ने हुंकार भरते हुए चेतावनी दी है कि यदि पर्यटकीय विकास के नाम पर भगवान राम की तपस्थली में अब किसी भी धार्मिक सांस्कृतिक धरोहर को क्षति पहुंचाई गई तो संत समाज शासन-प्रशासन के विरुद्ध तीव्र आंदोलन करेगा।**

आज एक दिवसीय आंशिक धरना देते हुए संत समाज ने प्रशासन को आगाह किया। धरने का नेतृत्व करते हुए ब्रम्हचारी सनकादिक महराज ने कहा कि संत समाज लगातार शासन-प्रशासन को लिखित रूप कहता आ रहा है तीर्थक्षेत्र में पर्यटकीय विकास हो लेकिन प्राचीन मठ-मंदिरों को क्षति न पहुंचे।मठ-मंदिर ही प्राचीनकाल से चित्रकूटधाम की सांस्कृतिक पहचान हैं।चौड़ी सड़कों का संजाल बसाहट के बाहर किया। परिक्रमा की ओर जाने वाले मार्ग पैदल श्रद्धालुओं के लिए हैं,उस दृष्टि से ही उनका चौड़ीकरण हो,वाहनों के लिए बसाहट के चारों ओर चौड़े मार्ग सुनिश्चित किए जाएं।भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास महाराज ने कहा कि शासन-प्रशासन की मंशा ठीक नहीं है। विशेष अधिनियम बनाकर तीर्थक्षेत्र के मठ मंदिरों को सरकार भ्रष्ट कर्मचारियों के हवाले करना चाहती है,यह किसी भी सूरत में होने नहीं देंगे। मठ-मंदिरों की स्थापना में संत पूर्वजों का त्याग तप,परिश्रम और लाखों लाख श्रद्धालुओं का सहयोग लगा है। प्राचीन समय से संत सेवा,जनसेवा केंद्र हैं मठ-मंदिर उनकी गरिमा के साथ खिलवाड़ हुआ तो संत समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। अखिल भारतीय विरक्त संत मंडल के सचिव डा.मदन गोपाल दास महाराज ने बताया कि शासन-प्रशासन को बार-बार ज्ञापन दिया जा रहा है,विकास की रूपरेखा को लेकर संतों के साथ प्रशासनिक बैठक नहीं संभव नहीं हुई। प्रशासन का संत समाज के प्रति रवैया ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री यदि संतों की आवाज को संज्ञान में नहीं लेते तो संत समाज सड़क पर तीव्र आंदोलन को बाध्य हो जाएगा। धरने पर महंत रूप नारायण दास, शशि बिंदु महाराज,महंत राममनोहर दास,बलराम दास, माधवदास आदि समेत लगभग आधा सैकड़ा महामंडलेश्वर, महंत, संत साधू मौजूद रहे।

# कोठी पुलिस ने 9 पेटी अवैध शराब के साथ 2 तस्करों को दबोचा

**सतना।**

**पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोठी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में कोठी थाना प्रभारी (प्रशिक्षु डीएसपी) आशुतोष त्यागी और उनकी टीम ने घेराबंदी कर 9 पेटी अवैध शराब जब्त की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,जबकि एक मुख्य आरोपी अब भी फरार है।**



### मुखबिर की सूचना पर दी दबिश

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,1 जनवरी को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि गुलुआ क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने काई पुलिया (गुलुआ) के पास दबिश दी। मौके से आरोपी बृजभान कुशवाहा को रंगे हाथों पकड़ा गया,जिसके पास से 9 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। दबिश के दौरान एक अन्य आरोपी अजयभान कुशवाहा उर्फ राजा मौके से फरार होने में सफल रहा था,जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आज दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों भाइयों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### एक आरोपी अब भी फरार,पुराना आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीसरा आरोपी राजभान कुशवाहा उर्फ लाला अभी फरार है। फरार आरोपी राजभान एक शातिर अपराधी है,जिसके विरुद्ध पूर्व से ही अवैध शराब के 5 मामले और जुआ एक्ट के 2 मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 77 लीटर देशी शराब (कुल 9 पेटी),जिसकी अनुमानित कीमत 32,175 रुपये है। तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (MP19 EH 9031), कीमत लगभग 60,000 रुपये।

### गिरफ्तार आरोपी

बृजभान कुशवाहा (30 वर्ष),पिता वंशरूप कुशवाहा,निवासी ग्राम गुलुआ। अजयभान उर्फ राजा कुशवाहा (28 वर्ष),पिता वंशरूप कुशवाहा,निवासी ग्राम गुलुआ।इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोठी आशुतोष त्यागी, सउनि. राजबहादुर सिंह, अश्वनीधर द्विवेदी, प्र. आर.देवेंद्र, आरक्षक रिंकू, राम नरेश,विशाल,रामगणेश और संतोष की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### पंकज गुप्ता का दुखद निधन



पन्ना। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी पंकज गुप्ता का स्वर्गवास हो गया है। पन्ना शहर के गोविंद जी मंदिर चौराहा निवासी और ऑटो पार्ट्स (हैवी वाहन) के प्रमुख व्यापारी पंकज गुप्ता जी का आज, 31 दिसंबर 2025, बुधवार दोपहर 3:00 बजे देवलोकगमन हो गया है। आप नीरज गुप्ता (टिल्लू) के बड़े भाई और उमंग गुप्ता एवं आंशी गुप्ता के पूज्य पिता जी थे। उनके आकस्मिक निधन से पन्ना शहर के व्यापारिक जगत और स्थानीय नागरिकों में शोक की लहर है। परिजनों और परिचितों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जिनका अंतिम संस्कार रानीगंज मोहल्ले के शमषान घाट में किया गया।

### श्रीमती प्रेम बाई मिश्रा का दुखद निधन



पन्ना। नगर के टिकुरिया मोहल्ला पीपल पेड़ के नीचे मिश्रा परिवार स्वर्गीय केके मिश्रा की धर्मपत्नी एवं संतोष मिश्रा विनोद मिश्रा एवं प्रमोद मिश्रा की माताजी श्रीमती प्रेम भाई का स्वर्गवास आज शाम  हो गया है जिनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी 2026 को दोपहर 11:00 बजे महाराज सागर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ईष्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। नगर के नागरिकों एवं मिश्रा परिवार के द्वारा मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### वैष्य महासम्मेलन के प्रदेष अध्यक्ष/अध्यक्ष द्वारा देवेंद्रनगर में वार्षिक कैलेंडर हुआ विमोचित, कला-संस्कृति और आधुनिक एडवरटाइजिंग का सुंदर समन्वय




#### मास्टर ऑफ फाइन आर्ट की सोच और प्रोफेशनल डिज़ाइनिंग का सशक्त उदाहरण बना कैलेंडर

पन्ना। देवेंद्रनगर में सत्यम ट्रेडर्स के पास स्थित साईं रोटी कपड़ा बैंक कार्यालय में आयोजित मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर-2026 के विमोचन अवसर पर देवेंद्रनगर से प्रकाशित स्थानीय वार्षिक कैलेंडर का भी विधिवत विमोचन किया गया। यह कैलेंडर सुरेंद्र ऑफसेट, देवेंद्रनगर के संचालक सुरेंद्र सोनी एवं उनके पुत्र ऋषि सोनी द्वारा तैयार किया गया है। सुरेंद्र सोनी इस क्षेत्र में इसलिए विशेष पहचान रखते हैं क्योंकि उन्होंने मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) की डिग्री प्राप्त की है और प्रारंभ से ही कला के विभिन्न क्षेत्रों में निपुणता रखते हैं। कला, डिज़ाइन और प्रिंटिंग के गहरे ज्ञान का ही परिणाम है कि सुरेंद्र ऑफसेट पन्ना जिले में गुणवत्ता, रचनात्मकता और प्रोफेशनलिज़्म का प्रतीक बन चुका है। उनके पुत्र ऋषि सोनी, जो ऋषि एडवरटाइजिंग कंपनी का सफल संचालन कर रहे हैं, आज एडवरटाइजिंग और ब्रांडिंग की दुनिया में लगातार बड़े और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भोपाल दूरदर्शन से प्रसारित कार्यक्रम "युगवाणी" में ऋषि सोनी की आवाज भी प्रसारित होती है, जिससे उन्हें एक युवा मीडिया प्रोफेशनल के रूप में व्यापक पहचान मिली है। इसके साथ ही ऋषि सोनी गायन-वादन में भी निपुण हैं और उनके दो गीत रिलीज होकर पूरे भारत में लोकप्रियता प्राप्त कर चुके हैं, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज केशरवानी द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर रामहित साहू, कैलाश सोनी, गोपाल बरसैंया, सुनील सेठ, जिला महामंत्री विनोद गुप्ता, तहसील अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जैन, महिला मंडल तहसील अध्यक्ष श्रीमती पारुल जैन, संरक्षक सदस्य लखनलाल अग्रवाल एवं श्री निर्मलचंद जैन, मनीष अग्रवाल, नीतिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, नवयुवक मंडल नगर अध्यक्ष पुनीत जायसवाल (निक्की) सहित श्रीमती नीलू गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल एवं श्रीमती रानी गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। चूंकि सुरेंद्र सोनी वैश्य समाज से आते हैं, इसलिए समाजजनों द्वारा उनका विशेष सम्मान किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कला-शिक्षा, अनुभव और आधुनिक तकनीक का यह संगम आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उपस्थित सभी जनों ने कैलेंडर की आकर्षक डिज़ाइनिंग, उत्कृष्ट प्रिंट क्वालिटी और रचनात्मक प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए सुझाव दिया कि आगामी वर्षों में इसका प्रकाशन और बड़े स्तर पर किया जाना चाहिए। सभी अतिथियों ने सुरेंद्र सोनी एवं युवा उद्यमी व कलाकार ऋषि सोनी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए इसे स्थानीय प्रतिभा, पारिवारिक उद्यम, कला-संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत की सोच का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## नए वर्ष में पन्ना में त्रिवेणी संगम, हनुमान भाटे, बाबा कैलाश और कलेही माता के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, एसपी खुद संभाल रहीं कमान

पवई।

**नए साल का सूरज आज पन्ना की पहाड़ियों पर आस्था और विश्वास की नई किरणें लेकर उतरा। देशभर में जहां लोग होटलों और पिकनिक स्पॉट की ओर भाग रहे हैं, वहीं बुंदेलखंड के प्रसिद्ध पन्ना जिले में श्रद्धालुओं ने श्देव दर्शनश के साथ साल 2026 का श्रीगणेश किया।**




### भक्ति ऐसी कि फीकी पड़ गई थकान-

नगर के प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटे, बाबा कैलाश और माता कलेही देवी मंदिर में आज गुरुवार 1 जनवरी को भक्तों का तांता लगा हुआ है। पन्ना ही नहीं, बल्कि पड़ोसी जिलों से भी हजारों श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। हनुमान भाटे की खड़ी और थका देने वाली सीढ़ियां भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पाईं। लोग पसीने से तर-बतर थे, लेकिन चेहरे पर मुस्कान और जुबां पर श्जय श्री रामश और श्हर-हर महादेवश का उद्घोष था।

### सुख-समृद्धि की कामना के साथ त्रिदेव के दर्शन-

मान्यता है कि साल के पहले दिन इन तीनों सिद्ध स्थलों पर माथा टेकने से पूरे वर्ष घर में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि त्रिदेव (हनुमान जी, शिव जी और माता रानी) का आशीर्वाद मिल जाए, तो पूरा साल मंगलमय गुजरता है। लाखों की भीड़ को देखते हुए पन्ना पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था का आलम यह है कि खुद पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सड़कों पर उतरकर मोर्चा संभाले हुए हैं। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह और एसडीओपी भावना सिंह दांगी भी चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल के साथ-साथ राजस्व, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें तैनात हैं ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी की टीम मंदिर की सीढ़ियों से लेकर पार्किंग तक मुस्तैद दिखी। पुलिस के अलावा नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग (आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता) भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जी-जान से जुटे हैं।

## नगर के छत्रसाल पार्क व प्रसिद्ध तालाब धरमसागर तालाब के किनारे नववर्ष को लेकर लोगों ने मनोरम दृष्य के साथ खुशियां मनाई



**पन्ना।** बीते वर्ष की यादों को ध्यान में  रखते हुए भावी भविष्य प्रारंभ होने वाले नववर्ष के दिन जहां खुषियों को लेकर नगर के छत्रसाल पार्क व धरमसागर तालाब सहित लोगों की भीड़ परिवार सहित नजर आ रही थी। नव वर्ष का दिन जहां अपने आप में सुकून व शांति के साथ जीवन के पल जीने को लेकर माना जा रहा था वर्तमान समय में कार्यों की आपाधापी के चलते सुकून के पल ही प्रमुख होते है जो आज नववर्ष के दिन ऐसा लग रहा था जैसे सभी अपने परिवारों के साथ ऐसी जगहों में खुष नजर आये। इससे साफ जाहिर होता है कि इस नगर में आज भी जहां पार्कों की महत्ता व तालाबों के सौंदर्यीकरण की जरूरत भी महसूस की जाती हैं। जो यहां छत्रसाल पार्क व धरमसागर तालाब में जिस तरह से लोगों की भीड़ नव वर्ष में नजर आई वहीं आने वाले समय में यहां एक सुन्दर पार्क वहीं जिसमें पन्ना टाईगर रिजर्व से जुड़ी हुई दास्ता जैसे चिड़यिा घर जो जरूरत होती है ऐसे एक पार्क की जरूरत पन्ना जैसे नगर में भी मानी जा रही है। आने वाले समय में स्मृति वन जैसी जगह को चिड़यिा घर के रूप में अगर तब्दील की जाये जिसमें जंगली जानवरों को भी रखा जाये। तो सायद इस नगर शान वहीं लोगों को घूमने की एक बेहतर जगह होगी। जिसमें परिवार सहित बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र साबित होगा। पन्ना नगर को वैसे भी भौगोलिक दृष्टिकोण से प्रकृति सजोया है। क्योंकि अन्य नगरों की तुलना में आज भी पन्ना की सुन्दरता अपने आप में अलग ही है साथ ही सुकून व शांति का नगर पन्ना जहां के राजा महराज श्री जुगुल किषोर भी माने जाते है। जिनकी कृपा से धार्मिक नगरी पन्ना जो अलग ही यहां के लोगों में शांति तथा धार्मिक प्रवृत्ति की कृपा प्रदान करती है।

## सहज समिति एवं ग्राम पंचायत दिया के मध्य अनुबंध सपन्न

### जल जीवन मिशन के उद्देश्य की होगी पूर्ति, ग्रामीणों को मिलेगा नियमित पेयजल

**पन्ना।** सहज नल जल युधार समिति जिले में नज जल सुधार का कार्य नियमित कर रही है। इस समिति में जिले के युवा कार्य कर रहे है। कमलचन्द्र सेन एवं उपेन्द्र सिंह लगातार ग्राम पंचायत के साथ मिलकर पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कार्य कर रहे है। समिति में लगभग 15 सक्रिय सदस्य कार्य कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल सप्लाई में कही भी लीकेज,मोटर जलना स्टाटर खराब होने, पानी के प्रेसर एवं सप्लाई बन्द होने पार पंचायत के साथ मिलकर तुरंत सुधार कार्य उचित दामो में कर रहे है। यह समिति मांगआधारित कार्य कर रही है स्वयं के आय से ही टीम सामग्री क्रय कर एवं टीम को मानदेय प्रदान करती है। आज दिया ग्राम पंचायत के साथ एक वर्ष का अनुबंध समिति के प्रतिनिधि एवं दिया सरपंच रामशिरोमणि सिंह के मध्य किया गया गया। सहज को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग समर्थन संस्था कर रही है।

## समय रहते उपचार से बची युवती की जान, डॉक्टर अभिषेक जैन की तत्परता से मिला नया जीवन



**पन्ना।** घर में काम करते समय अचानक इलेक्ट्रिक करंट की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवती बेहोश होकर गिर पड़ी जिससे उसका हृदय और श्वसन क्रिया कुछ समय के लिए बंद हो गई परिजनों द्वारा बिना समय गंवाए युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर लाया गया जहाँ डॉक्टरों की तत्परता से उसकी जान बचा ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 31 दिसम्बर 25 को युवती सीमा वर्मा (उम्र 20 वर्ष) निवासी दाउनटोला घर में विद्युत उपकरण के संपर्क में आने से करंट की चपेट में आ गई करंट लगते ही वह मौके पर ही अचेत हो गई परिजन तत्काल उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा जांच करने पर पाया गया कि युवती की हार्ट बीट नहीं चल रही थी तथा सांस भी बंद थी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर जैन ने बिना देरी किए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रारंभ किया समय पर दिए गए इस जीवनरक्षक उपचार के परिणामस्वरूप युवती की धड़कन और सांस पुनः चालू हुई। लगातार चिकित्सकीय निगरानी और उपचार के बाद युवती की हालत में तेजी से सुधार हुआ और वर्तमान में वह पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इस अवसर पर युवती के परिजनों ने डॉक्टर अभिषेक जैन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया परिजनों ने कहा कि डॉक्टर साहब की सूझबूझ त्वरित निर्णय और मेहनत से हमारी बेटी को नया जीवन मिला है इसके लिए हम पूरे अस्पताल परिवार के सदैव आभारी रहेंगे। यह घटना एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता और प्रशिक्षित चिकित्सक जीवन और मृत्यु के बीच अंतर साबित हो सकते हैं।

## जननायक स्व. सुखलाल कुशवाहा की जयंती के अवसर पर आयोजित होगी भव्य न्याय महारैली

**पन्ना के संकल्प गार्डन में न्याय महारैली के संबंध में आयोजित हुई बैठक, बैठक को सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने किया संबोदित**

**न्याय महारैली को सफल बनाने के संबंध में लोगों ने किये विचार व्यक्त**



**पन्ना।** अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के तत्वावधान में आगामी 05 जनवरी 2026 को दमोह में आयोजित होने वाली जननायक, पूर्व सांसद स्वर्गीय सुखलाल कुशवाहा की 62वीं जयंती के अवसर 5 जनवरी 2026 को दमोह में न्याय महारैली आयोजित करने की दिशा में नूतन वर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी 2026 को संकल्प गार्डन पन्ना में न्याय महारैली की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान बुद्ध, डॉ. अम्बेडकर, गरीबों के मसीहा जननायक स्व. सुखलाल कुशवाहा के चित्र के समक्ष बैठक के आयोजक सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा उर्फ डब्बू कुशवाहा ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात न्याय महारैली आयोजित करने के संबंध में अपने प्रेरक तथा सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित जनों से न्याय महारैली को सफल बनाने का आव्हान किया। महारैली के मुददों पर संक्षिप्त मे श्री कुशवाहा ने प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के भोले-भाले लोगों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार हो रहे हैं, उनका शोषण हो रहा है और लोग अपने आप को असहाय तथा असुरक्षित समझ रहे हैं। क्योंकि अन्याय करने वालों के हौसले बुलंद हैं। इस दिशा में यह रैली का आयोजन 5 जनवरी 2026 के दमोह में आयोजित किया जा रहा है क्योंकि वहां पर समाज पर विभिन्न प्रकार के अन्याय अत्याचार हो रहे हैं। ऐसी घटनाओं ने समूचे बुन्देलखण्ड को झकझोर दिया है।  इसलिए न्याय महारैली को आयोजित करना आवश्यक समझा गया। बैठक में जयंती एवं न्याय महारैली को वृहद जनआंदोलन के रूप में आयोजित करने की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि स्व. सुखलाल कुशवाहा सामाजिक न्याय, समता और वंचित वर्गों की आवाज थे और उनकी स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः गैर-राजनीतिक होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने जानकारी दी कि जयंती समारोह एवं न्याय महारैली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रखर ओजस्वी वक्ता एवं सांसद संजय सिंह सहित देश के अन्य प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक व्यक्तित्वों की सहभागिता प्रस्तावित है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में दमोह पहुंचकर इस न्याय महारैली को ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व बनाएं। बैठक में विशेष रूप जिला कांग्रेश अध्यक्ष अनीष खाान के अतिरिक्त दशरथ यादव, अंकू कुशवाहा, अंजली यादव, नत्थू सिंह यादव, शैलेश विश्वकर्मा एडवोकेट, ब्रजेश रैकवार, रामपाल सिंह, अनीष खान आदि ने अपने विचार प्रस्तुत। साथ ही सैकड़ों की संख्या में बैठक मे जागरूक लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत विकास योजना से ही आत्मनिर्भर बनेगा गांव

### विकसित भारत का सपना जीपीडीपी एवं जनता की भागीदारी से पूरा होगा




पन्ना। जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत ग्राम उड़की में समर्थन संस्था के द्वारा जलमित्रो एवं किसानो के साथ ग्राम विकास योजना एवं आत्मनिर्भर गांव बनाने पर उन्मुखीकरण किया गया। साथ ही महिलाओ ने खोखो एवं कर्शीदौड़ कर स्वास्थ्य समाज एवं पर्यावरण सुधार करने के लिये रंगोली प्रतियोगिता भी की। ग्राम पंचायत विकाय योजना पर नौ थीम पर विस्तार से जानकारी ज्ञानेद्र तिवारी ने दिया। जनवरी महीने में ग्राम सभा का आयोजन होगा उसके पहले सभी किसान जल मित्र अपने गांव एवं पंचायत में जाकर सभी वार्ड एवं युवा, बुजर्ग, महिला एवं पुरूषो से उनकी आवश्यकता का ऑकलन कर एवं सामुदायिक गतिविधियो को चिन्हित कर महिला एवं बाल हितैषी,जल संतृप्त एवं शुशासन वाली ग्राम पंचायत बनाने की पहल करे। प्रतियोगीता में प्राथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रप्त बच्चो को पुरूषकार भी प्रदान किया गया। रिलायंस फाउन्डेसन के जिला प्रबंधक मुकेश कुमार सेंगर ने कहा की हम सभी को धीरूभाई अंवानी से सीखना चाहिये एवं उनके योगदान से हम किसानो को एवं समाज को आगे बढ़ाने का जो कार्य किया जा रहा है उससे किसान एवं पंचायत मजबूत हो रही है। योजना वेहतर बने तो विकास भी वेहतर होगा।  किसी ग्राम के आत्मनिर्भरता की कहानी उसके लोगो से ही शुरू होती है। कार्यक्रम में स्वानिल,कमल,दिवाकर बागरी,कपूर सिंह प्रदीप तिवारी,सुग्रीव चाली एवं जल मित्र उपस्थित रहे।

## प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर में नए वर्ष 2026 की सुबह उत्साह के साथ 151 पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारा सम्पन्न

**पन्ना।** पन्ना का प्रसिद्ध श्री 108 प्राणनाथ जी चोपड़ा मंदिर में विगत 26 दिसंबर 2025 से 151 पारायण महायज्ञ का आगाज हुआ था जो सतत 7 दिन चला। नए वर्ष के प्रथम दिवस विधिवत पूजन पाठ और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस पावन तपोभूमि में  प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु सुंदर साथ एवं जनप्रतिनिधि, नगर  के लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित किया। साल के प्रथम दिन लोगों ने जहां धर्म लाभ लिया तो वहीं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी एवं विश्व कल्याण की कामना की।

उक्त धार्मिक आयोजन श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण एवं श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के द्वारा



परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया था। भीषण ठंड के बावजूद भी प्रतिदिन यहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे एवं मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम भी होते रहे जिसमें



विद्यमान, विदुषी, धर्माचार्य द्वारा महामती प्राणनाथ जी की वाणी के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। इस महोत्सव में साधु संतों का भी जमावडा देखा गया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक विजय चंसौरिया ने वृद्धजनों को रजाई और फल वितरित कर मनाया नया साल



**पन्ना। नूतन** वर्ष 2026 के आगमन पर जहाँ लोग जश्न में डूबे हैं, वहीं पन्ना के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री विजय चांसौरिया और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता चांसौरिया ने मानवता की सेवा के साथ नए साल का स्वागत किया। चांसौरिया दंपत्ति ने आज वार्ड नंबर 24 स्थित गहरा एनएएमडीसी वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें ठंड से राहत दिलाने हेतु रजाई, फल एवं बिस्कुट वितरित किए। परोपकार की इस पहल के दौरान श्री विजय चांसौरिया ने आश्रम के सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से मिलने वाली आत्मिक शांति ही असली नववर्ष का उपहार है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए रजाई पाकर वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

### संस्था का रहा विशेष सहयोग-

इस पुनीत कार्य में वृद्धाश्रम की संचालक डॉ. दुर्गा त्रिपाठी एवं उनके समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। डॉ. त्रिपाठी ने चांसौरिया परिवार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति इस तरह का सम्मान और संवेदनशीलता अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन ने चांसौरिया परिवार का आभार व्यक्त किया। सेवा के इस कार्य की नगर में चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

## नागरमानगंज में शुक्रवार को चलेगा नगर परिषद का पीला पंजा, अतिक्रमण हटाने की होगी कार्यवाही, दो दिन का दिया गया अल्टीमेटम

**पन्ना।** जिले का सुंदर कस्बा  अमानगंज इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में देखा जा रहा है जिससे नगर की शोभा तो धूमल हो रही है साथी जाम की स्थिति लगातार निर्मित होती है जिस पर कार्यवाही करने नगर परिषद अमानगंज द्वारा कमर कस ली है नगर अमानगंज  में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को " नगर परिषद द्वारा पीला पंजा" यानी जेसीबी मशीन बुल्डोजर चलाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई को लेकर नगर परिषद पूरी तरह तैयार है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज बुधवार को दोपहर 1 बजे  अमानगंज पुरानी बस स्टैंड पहुंचकर मौके पर स्वयं उपस्थित रहकर अतिक्रमित स्थलों को चिन्हित कराया। एवं नई बस स्टैंड से लेकर साप्ताहिक बाजार वाली जगह तक सड़क के दोनों और लगेगा तीन शैडो को हटाने के लिए चुना डाला गया है साथी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने की बात कही गई है इस दौरान दुकानदारों और कब्जाधारियों को दो दिन का समय दिया गया है, ताकि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें।नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों की होगी। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नगर को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।नगर परिषद की अपील है कि सभी लोग सहयोग करें और तय समय में स्वयं अतिक्रमण हटाकर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

## अमानगंज फील्ड ग्राउंड में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

### छात्र-छात्राएं क्रिकेट टूर्नामेंट में करेंगे शिरकत गुनौर विधायक ने किया शुभारंभ



**गुनौर।** विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने बुधवार को दोपहर 2:00 बजे अमानगंज फील्ड ग्राउंड में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। यह टूर्नामेंट डायमंड स्पोर्ट एकेडमी अमानगंज के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है।शुभारंभ अवसर पर विधायक डॉ. वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ अनुशासन और टीमवर्क का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है।टूर्नामेंट में विभिन्न विद्यालयों/टीमों के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का समापन 4 जनवरी को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे।कार्यक्रम में खेल प्रेमी, प्रशिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कहा कि फील्ड ग्राउंड को अमानगंज को और अमानगंज क्षेत्र के खिलाड़ियों को जो भी जरूर उचित लगेगी उनको वह हर संभव माहिया कराई जाएगी विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के लिए प्रयास रखें

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में घायल युवक को नहीं मिली 108 एम्बुलेंस

**बकस्वाहा।** स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। ग्राम निमानी निवासी हरिराम आदिवासी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल बकस्वाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बावजूद शाम करीब 6 बजे से रात 9 बजे तक 108 एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान घायल युवक अस्पताल परिसर में दर्द से तड़पता और कराहता रहा। परिजन लगातार फोन करते रहे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**छतरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में कुल 26 पदों पर कार्यकर्ताओं एवं 34 पदों पर सहायिकाओं की भर्ती की जानी है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार यह भर्ती प्रक्रिया एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 रहेगी। वहीं, आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 तय की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने पात्र महिलाओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### खजुराहो में देर रात तक चला नए वर्ष 2026 का जश्न



**खजुराहो।** 31 दिसम्बर 2025 की बीती रात खजुराहो के होटलों तथा रेस्टोरेंटों में बाहर से आये सैलानियों ने देर रात तक नाच गाकर नए वर्ष के आगमन का जश्न मनाया तथा रात्रि में घड़ी के कांटों ने जैसे ही 12 बजे के नंबरों को छुआ और तारीख बदलकर 1 जनवरी 2026 हुई तो पटाखों की तेज आवाज के साथ आसमान में रंगीन आतिशबाजी शुरू हो गई, और सभी ने एक दूसरे को नए वर्ष 2026 के आगमन की शुभकामनाएं और बधाईयां दी और फिर नाच गा कर खो गए जश्न में। इस दौरान खजुराहो के सितारा होटलों में मेहमानों के स्वागत के लिए होटलों में आकर्षक रंगीन लाइटिंग के बीच लाइव म्यूजिक, आर्केस्ट्रा, डी.जे. डान्स कॉम्पटीशन, लिक्यूड ड्रिंक्स, गाला डिनर,गिफ्ट प्राइज सहित अनेक तरह के कार्यक्रम हुए,प्रमुख रूप से स्टार रेटिंग होटल चंदेला,रामाडा तथा क्लार्क के आयोजन खास रहे,जिनका देशी-विदेशी मेहमानों ने जमकर लुत्फ़ उठाया। एस.डी.ओ.पी.खजुराहो-मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में टी.आई.प्रशांत सेन के नेतृत्व में पुलिस महकमे ने पर्यटक पुलिस के साथ 31 दिसंबर को देर रात गस्त के साथ 1 जनवरी को पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किये, साथ ही सड़कों पर लगातार चौकसी की और सभी चौक चौराहों पर नशे में वाहन चलाने वालों को आगाह किया। सड़कों पर हुल्लड़ करने वालों की सतत निगरानी की।

### दरबाजे से मवेशी निकालने के विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**लवकुशनगर ।** थाना जुझारनगर के अंतर्गत ग्राम खुड़ेरी में घर के दरबाजे से मवेशी निकालने के विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष की महिला की लाठी डंण्डों से पीटकर हत्या कर दी गई। और उसका पति व दो पुत्र घायल हो गये। वहीं दूसरे पक्ष की एक महिला भी घायल है। यह विवाद ग्राम खुड़ेरी के ठाकुर एवं दुबे परिवार के बीच हुआ। अभी थाना जुझारनगर पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में चार नामजद आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान आरोपियों की संख्या बढ़ भी सकती है। जानकारी के अनुसार ग्राम खुड़ेरी में ग्याप्रसाद द्विवेदी और करन सिंह का घर आमने सामने है। दो दिन पहले द्विवेदी परिवार अपने मवेशी निकाल रहा था। उसी दौरान करन सिंह के दरबाजे पर उसकी बकरी बंधी हुई थी।

# जिला आयुष अधिकारी और क्लर्क 5 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त के हत्थे चढ़े

छतरपुर।

नए साल की शुरुआत में ही भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई। सागर लोकायुक्त की 10 सदस्यीय टीम ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा और सहायक ग्रेड-2 बाबू आनंद साहू को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

कार्रवाई चपरासी अभिनाश चंद्र मिश्रा की शिकायत पर हुई। मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 27 दिसंबर को 20 दिन की छुट्टी का आवेदन दिया था। छुट्टी बिताने के बाद लौटने पर अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया और वेतन रोक दिया गया।



वेतन और अवकाश स्वीकृति के बदले डॉ. कुशवाहा और आनंद साहू ने 5 हजार रुपये की मांग की। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सागर ने सत्यापन कराया, जिसमें मांग साबित हुई। आज टीम ने ट्रैप लगाकर दोनों को रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त निरीक्षक कमल सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की। हालांकि डॉ. निर्मला कुशवाहा ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अभिनाश मिश्रा पिछले डेढ़ महीने से गायब हैं और जुआ खेलने का पुराना रिकॉर्ड है। मिश्रा ने जबरन उनके बैग में पैसे डाले और भाग गए। मिश्रा का रिकॉर्ड खराब है, वे दस्तखत कर पूरे दिन गायब रहते हैं। इस संबंध में संभागीय अधिकारी से दो शिकायतें भी की गई हैं। कुशवाहा का दावा है कि मिश्रा ने अपनी अनुपस्थिति की वेतन कटौती से बचने के लिए उन्हें फंसाया। मामले की जांच जारी है।

## यातायात पुलिस ने बुलेट के साइलेंसरों पर चलवाया लोडर, 47 पर हुई कार्रवाई



छतरपुर।

नव वर्ष की शुरुआत में शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने चलाए गए इस अभियान में तेज आवाज करने वाले बुलेट वाहनों के साइलेंसरों पर लोडर चलवाकर उन्हें निष्क्रिय किया गया। इस दौरान कुल 47 बुलेट वाहनों के अवैध और तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि एसपी अगम जैन के निर्देशन पर कुछ युवा तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे न केवल आमजन को असुविधा होती है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे वाहनों के कारण वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और मरीजों को भी परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह लगातार अभियान चलाया जाएगा। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नियमों का पालन करें, निर्धारित साइलेंसर का ही उपयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक शोर न करें। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है और इसे एक सकारात्मक पहल बताया है।

## चोरी की वारदात का खुलासा, युवकों की सतर्कता से पकड़ा गया आरोपी, एसपी ने किया सम्मान



छतरपुर।

बुधवार रात करीब 8 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सर्राफा व्यापारी की दुकान में चोरी की वारदात को एक युवक द्वारा अंजाम दिया गया। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय युवकों ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। युवकों की सक्रिय भूमिका से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी का सफल खुलासा किया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने चोरी के आरोपी को पकड़वाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवक यश सोनी, मनु खान एवं आरक्षक नरेश सिंह परिहार को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी ने पुष्पमाला पहनाकर सभी का सम्मान किया और उनके साहस व जागरूकता की सराहना की। एसपी ने कहा कि आमजन का सहयोग पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## हनुमान टोरिया मंदिर में नए साल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब, परंपरा अनुसार वितरित की गई खिचड़ी

छतरपुर।

शहर के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ हनुमान टोरिया मंदिर में नए साल के पहले दिन श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन किए और खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर ट्रस्ट के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि लोग नए वर्ष को धार्मिक त्योहार की तरह मना रहे हैं। उन्होंने कहा, आज का युवा धार्मिक संस्कृति और सनातन धर्म से जुड़ रहा है। हर वर्ष हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाता है, जो एक पुनीत परंपरा है। इस वर्ष भी हजारों भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया और नए साल की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण में की।

हनुमान टोरिया मंदिर शहर के मध्य ऊंची पहाड़ी पर स्थित है और अपनी प्राचीनता तथा मनोरम दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। नए साल पर यहां आने वाले भक्तों ने हनुमान जी से सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें खिचड़ी प्रसाद वितरण से भक्तों में उत्साह और एकता का संचार होता है। जिला प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

## खजुराहो में आदिवर्त संग्रहालय की तृतीय स्थापना वर्षगांठ का भव्य समापन

खजुराहो।

आदिवर्त जनजातीय लोककला एवं राज्य संग्रहालय, खजुराहो में आयोजित तृतीय स्थापना वर्षगांठ समारोह का समापन 31 दिसंबर 2025 को अत्यंत भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। पूरा नगर लोकधुनों, पारंपरिक वेशभूषा और जनउत्साह से सराबोर नजर आया। दिनभर चले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सिद्ध कर दिया कि लोककला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज की आत्मा है।

जनजातीय कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अतीत की जड़ों से जोड़ते हुए लोकसंस्कृति की निरंतरता का संदेश दिया। परंपरा, श्रम, प्रकृति और जीवन दर्शन से जुड़ी इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से अभिभूत कर दिया। समारोह के अंतर्गत निकाली गई कला यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार और उत्साह से भरे नागरिक—पूरे नगर ने इस सांस्कृतिक प्रवाह को आत्मसात किया। यह यात्रा केवल दृश्य उत्सव नहीं, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने का सशक्त माध्यम बनी।

सायंकालीन सत्र में आयोजित लोकराग प्रस्तुति ने कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की।



देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपने-अपने लोकनृत्य और गायन के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। दर्शक दीर्घा देर तक तालियों से गूंजती रही। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति रायबरेली से आईं शीलू सिंह राजपूत द्वारा आल्हा गायन से हुई। आल्हा बुन्देलखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय कथा गायन है, जिसकी जड़ें 12वीं शताब्दी में हैं। दूसरी प्रस्तुति धार से पधारे कैलाश सिसोदिया द्वारा भील जनजातीय भगोरिया नृत्य की हुई। इसके बाद इंदौर के पंकज नामदेव ने मटकी नृत्य प्रस्तुत किया, जो मालवा क्षेत्र की महिलाओं की पारंपरिक शैली में ढोल की थाप पर किया जाता है। राजस्थान के सुरम नाथ ने घूमर नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह नृत्य राजस्थान की समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रतीक है, जिसमें घूमते हुए लयबद्ध गतियां मुख्य विशेषता हैं।

अंतिम लोकराग प्रस्तुति सागर के संतोष पाण्डेय द्वारा बुंदेलखंड के प्रसिद्ध राई नृत्य की हुई। राई में शौर्य और श्रृंगार का अनोखा समन्वय है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म, विवाह एवं मनौती पूर्ति पर आयोजित किया जाता है। सायंकालीन सत्र में मंचित भव्य रामलीला ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया। सेतु बंधन, अंगद-रावण संवाद, लंका युद्ध, कुंभकर्ण-मेघनाद वध, संजीवनी बूटी प्रसंग एवं रावण वध से राम राज्याभिषेक तक के दृश्यों ने दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति कराई। आदिवर्त संग्रहालय द्वारा आयोजित यह भव्य सांस्कृतिक आयोजन न केवल दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ, बल्कि देश-विदेश से आए अतिथियों के मन में भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरा सम्मान एवं आकर्षण उत्पन्न करने में पूर्णतः सफल रहा।

## घने कोहरे की चादर में लिपटा नौगांव, तापमान 4 डिग्री के करीब पहुंचा



**नौगांव/छतरपुर।** छतरपुर जिले स्थित नौगांव शहर में नए साल की शुरुआत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ हुई। गुरुवार सुबह शहर पूरी तरह घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जिससे सुबह करीब 10 बजे तक सड़कों पर विजिबिलिटी बेहद कम रही और कुछ साफ दिखाई नहीं दे रहा था। इस दौरान न्यूनतम तापमान 4 से 4.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जो प्रदेश के सबसे ठंडे इलाकों में नौगांव को प्रमुख स्थान पर ला खड़ा करता है। हाल के दिनों में यहां तापमान 3-4 डिग्री तक गिर चुका है। नौगांव क्षेत्र अपने चरम तापमान उतार-चढ़ाव के लिए प्रसिद्ध है। गर्मियों में यहां भीषण गर्मी पड़ती है, तो सर्दियों में ठंड का कहर अलग ही स्तर का होता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आ सकती है तथा कोहरे की तीव्रता बढने की संभावना है। उत्तर भारत में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण यह ठंड और कोहरा बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी जारी की है कि घने कोहरे से फसलों, विशेषकर फूलों और सब्जियों को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही हल्की बूंदाबांदी की भी आशंका जताई गई है, जो ठंड को और बढ़ा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। बुजुर्गों को घर से बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनने और बच्चों को ठंड से बचाने की अपील की गई है। ठंड के कारण सांस की बीमारियां और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मौसम की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। हालांकि कुछ जिलों में ठंड के कारण स्कूलों की छुट्टियां या समय बदलाव घोषित किए गए हैं, लेकिन जनजीवन पर ठंड और कोहरे का व्यापक असर पड़ रहा है। सड़क यातायात प्रभावित हो रहा है और लोग गर्म कपड़ों में लिपटकर दिन गुजार रहे हैं। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यकता पडने पर राहत अपनाए जा रहे हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल में भव्यता के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत

एनटीपीसी

विंध्याचल ने 31 दिसंबर 2025 को डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित भव्य संगीतमय संध्या के साथ नववर्ष 2026 का उल्लासपूर्ण स्वागत किया। यह आयोजन एनटीपीसी की स्वर्णिम 50 वर्षीय यात्रा को समर्पित रहा, जिसमें गौरव, गरिमा और सामूहिकता की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। नववर्ष संध्या का यह उत्सव एनटीपीसी की उत्कृष्ट विरासत, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निर्माण में उसके सतत योगदान का प्रतीक बना।

इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण—श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम); श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम); डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं); सुश्री रूमा दे शर्मा, प्रमुख (मानव संसाधन) तथा श्री राकेश अरोड़ा, निदेशक (मानव संसाधन) के वरिष्ठ सहायक की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा श्री मनीष कुमार राय, वरिष्ठ कमांडेंट (सीआईएसएफ) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं केक कटिंग समारोह से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। इसके पश्चात प्रसिद्ध गायक-कलाकार शन्मुखा प्रिया एवं प्रियांग्शु दत्ता की सुमधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी संगीतमय प्रस्तुतियों से स्टेडियम उत्सव और उमंग के रंगों से सराबोर हो उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। यह स्वर्ण जयंती नववर्ष संध्या उत्सव अतीत की उपलब्धियों पर गर्व और भविष्य के प्रति आशा व विश्वास का सुंदर संगम सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के उपरांत श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने वरिष्ठ प्रबंधन टीम के साथ स्टेज-1 से 5, सीएचपी, एमजीआर तथा स्विचयार्ड सहित प्रमुख नियंत्रण कक्षों का दौरा किया। ड्यूटी पर तैनात युवा अभियंताओं से संवाद करते हुए उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा केक कटिंग के माध्यम से उनके योगदान की सराहना की। यह पहल संगठन में आपसी सहयोग, प्रेरणा और एकजुटता के सशक्त संदेश के रूप में उभरी।

